समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# बिहार मे नर्सिंग ट्यूटर बनने का सुनहरा मौका, BTSC मे 498 पदों पर भर्ती शुरू, जाने आवेदन प्रक्रिया।

Publisher

Published on 05 Jul 2025




## बिहार मे BTSC के तहत नर्सिंग ट्यूटर के 498 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू, 1 अगस्त 2025 तक करे आवेदन, जाने योग्यता और चयन प्रक्रिया।

**पटना :** बिहार में सरकारी नौकरी का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। **बिहार तकनीकी सेवा आयोग (BTSC)** ने राज्य के विभिन्न नर्सिंग संस्थानों में **नर्सिंग ट्यूटर** के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस भर्ती के जरिए **कुल 498 पदों** पर योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाएगी।

जो उम्मीदवार इस मौके का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, वे आज से ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 1 **अगस्त 2025** निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी **आधिकारिक वेबसाइट** btsc.bihar.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### कितने पदों पर होगी भर्ती ?

इस भर्ती अभियान के तहत **कुल 498 नर्सिंग ट्यूटर** के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। ये सभी पद राज्य के **विभिन्न सरकारी नर्सिंग कॉलेजों** और संस्थानों में भरे जाएंगे।

### क्या होनी चाहिए योग्यता ?

इस भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता इस प्रकार है:

१. **उम्मीदवार के पास एमएससी नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग या**

२. **इंडियन नर्सिंग काउंसिल, बिहार हेल्थ डिपार्टमेटं अथवा नर्सिंग एजुकेशन एंड एडमिनिस्ट्रेशन से डिप्लोमा होना चाहिए** ।

३. **इसके अलावा कम से कम 2 वर्षों का अनुभव होना अनिवार्य है** ।

४. **साथ ही उम्मीदवार का बिहार नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, पटना मे पंजीकरण अनिवार्य है** ।

आयु सीमा कितनी होगी ?

१. **न्यूनतम आयु :** 21 वर्ष

२. **अधिकतम आयु :** 37 वर्ष (1 अगस्त 2025 के अनुसार)

३. **आरक्षित वर्गों को नियमानुसार आयु मे छूट दी जाएगी** ।

कैसे होगा चयन ?

१. **उम्मीदवारों का चयन मेरिट लिस्ट, डॉक्युमेटं वेरिफिकेशन और मेडिकल टेस्ट के आधार पर होगा** ।

२. **मेरिट लिस्ट शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के आधार पर तैयार की जाएगी** ।

३. **चयनित अभ्यर्थियों को लेवल-8 पे स्केल के तहत वेतन मिलेगा, जो स्थायी सरकारी नौकरी के लिए आकर्षक माना जाता है** ।

आवेदन कैसे करें ?

१. **BTSC की आधिकारिक वेबसाइट** btsc.bihar.gov.in पर जाएं ।

२. **होमपेज पर "ऑनलाइन अप्लाई" लिंक पर क्लिक करे** ं।

३. "**New Registration" करके रजिस्ट्रेशन पूरा करे ंऔर लॉगिन करे** ं।

४. **आवेदन फॉर्म भरे ंऔर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करे** ं।

५. **आवेदन शुल्क का भुगतान करके फॉर्म सबमिट करे** ं।

६. **भरे गए फॉर्म का प्रिंटआउट सेव कर ले** ं।

**आवेदन शुल्क कितना है ?**

अभी तक आवेदन शुल्क की जानकारी आधिकारिक नोटिफिकेशन में नहीं दी गई है। उम्मीदवार आवेदन करते समय फीस से जुड़ी डिटेल्स ध्यान से चेक करें।

**आखिरी तारीख का न करे इंतजार**

आवेदन की आखिरी तारीख **1 अगस्त 2025** है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम समय तक इंतजार करने के बजाय समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.